<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**29 अप्रैल** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में महिला सम्मेलन को किया सम्बोधित। कहा– विकसित भारत का सबसे मजबूत स्तंभ हैं देश की महिलाएं।
- प्रधानमंत्री ने वाराणसी में लगभग छह हजार तीन सौ 50 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। दो अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को हरी झंडी दिखाया।
- हरदोई जिले में आज गंगा एक्सप्रेस–वे का उद्‌घाटन करेंगे प्रधानमंत्री। अब से थोड़ी देर बाद वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर तक रोड शो का नेतृत्व भी करेंगे।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 936 प्रधान परिचालकों को बांटे नियुक्ति पत्र। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड द्वारा इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्तियां किए जाने की घोषणा की।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल शाम वाराणसी में आयोजित महिला सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं विकसित भारत का सबसे मजबूत स्तंभ हैं और सरकार देश के नीति निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक को समर्थन नहीं देकर महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया।

**मुझे देश हित के एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आप सबका आशीर्वाद चाहिए और यह बड़ा लक्ष्य है महिलाओं के लिए आरक्षण को लागू करना सपा और कांग्रेस जैसे दलों की वजह से हमारा यह प्रयास संसद में सफल नहीं हो पाया। मैं आप सभी बहनों को भरोसा देता हूं आपके आरक्षण का हक लागू हो इसमें कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडूंगा।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में शुरू हुई दो नई अमृत भारत रेलगाडियां काशी और अयोध्या को महाराष्ट्र से जोड़ेंगी।

**काशी से पुणे और अयोध्या से मुंबई यह दोनों अमृत भारत ट्रेनें यूपी और महाराष्ट्र की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएगी। अब मुंबई पुणे सहित पूरे महाराष्ट्र के लोगों को अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ धाम पहुंचने का एक और आधुनिक विकल्प मिल गया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने काशी के सांसद के रूप में वहां की विरासत को सहेजते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है।

**ये विरासत और विकास का वह अद्‌भुत समन्वय न केवल काशी में उत्तर प्रदेश में और पूरे देश के अंदर हम सबको उसी जीवंतता के साथ दिखाई दे रहा है जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने काशी से प्रारंभ किया। आज पूरे देश के अंदर वह हम सबको दिखाई दे रहा है। काशी ने पिछले 11–12 वर्ष में एक लंबी दूरी तय की है। इनमें 35,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं अब तक काशी के अंदर जमीनी धरातल पर उतरी है।**

इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के जीवन में बदलाव लाया है और आज महिलाएं समाज को जोड़ने के साथ–साथ एक निर्णायक नेतृत्व दे रही हैं। सम्मेलन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने छह हजार तीन सौ 50 करोड़ रूपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। एक रिपोर्ट–

**प्रमुख परियोजनाओं में जल जीवन मिशन के तहत 30 ग्रामीण पेयजल योजनाएं, चंद्रावती घाट का पुनर्विकास, सारनाथ के पास सारंगनाथ मंदिर का पर्यटन विकास, संत रविदास पार्क, नागवा का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार कार्य, यूपी कॉलेज में सिंथेटिक हॉकी टर्फ का निर्माण और अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट और नमो घाट सहित प्रमुख घाटों पर पर्यटन सुविधाओं का विकास शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने वाराणसी जंक्शन–पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तीसरी और चौथी रेलवे लाइन परियोजना की आधारशिला रखी, जिसमें गंगा नदी पर रेल–सह–सड़क पुल का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों–बनारस से पुणे और अयोध्या से मुंबई को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज हरदोई जिले से गंगा एक्सप्रेस–वे का उद्‌घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेस वे मेरठ और प्रयागराज के बीच के यात्रा के समय को काफी कम कर देगा। एक रिपोर्ट–

**उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित गंगा एक्सप्रेस–वे, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों को एक हाई–स्पीड कॉरिडोर के जरिए जोड़ेगा। यह राज्य का सबसे लंबा एक्सप्रेस वे होगा, जो मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा के समय को लगभग 12 घंटे से घटाकर 6 घंटे कर देगा। यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से होकर गुजरेगा, जिनमें मेरठ, हापुड़,**

**बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूँ, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल हैं। इस एक्सप्रेस वे में शाहजहांपुर में साढ़े तीन किलोमीटर लंबी एक हवाई पट्टी भी है, जो भारतीय वायु सेना के विमानों के आपातकालीन टेक–ऑफ और लैंडिंग में काम आएगी। यह प्रोजेक्ट औद्योगिक विकास, व्यापार, कृषि और पर्यटन जैसे कई क्षेत्रों को बढ़ावा देगा, और पूरे क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेगा। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, हरदोई।**

प्रधानमंत्री के हरदोई के कार्यक्रम स्थल का कल प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोग बेहद उत्साहित हैं।

**यहां पर बहुत उत्साह है। पूरे जनपद में क्योंकि चार जनपदों से लोग उनको सुनने आ रहे हैं। स्पेशली हरदोई जनपद में लोगों का उत्साह बहुत ज्यादा है। करीब हरदोई–हरदोई से 1 लाख से ज्यादा लोग प्रधानमंत्री जी को सुनने आएंगे तो एक ऐतिहासिक जनसभा भी होगी।**

इससे पहले, प्रधानमंत्री आज वाराणसी में अब से थोड़ी देर बाद काशी विश्वनाथ मंदिर तक एक रोड शो का नेतृत्व करेंगे। यह रोड शो वाराणसी के कई महत्वपूर्ण स्थानों से होकर गुजरेगा। प्रधानमंत्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन भी करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित नौ सौ छत्तीस प्रधान परिचालकों को नियुक्ति पत्र बांटे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीते नौ वर्षों में प्रदेश सरकार ने पुलिस की अवस्थापना सुविधाओं में वृद्धि की है। श्री योगी ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्तियां करेगा।

**उत्तर प्रदेश, पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष लगभग 1 लाख नई भर्ती करने जा रहा है। होम गार्ड की भर्ती भी होगी, सिविल पुलिस की भी भर्ती होगी, एसआई की भी भर्ती होगी, यह सब भर्ती की प्रक्रियाएं हमारी तेजी के साथ आगे बढ़ी है। पीछे उद्देश्य एक ही है, हर उस नौजवान को जो योग्य है, क्षमतावान है, स्वतस्फूर्त भाव के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनना चाहता है, उसके लिए अच्छा अवसर भर्ती एंड प्रोनत बोर्ड उसे उपलब्ध करवाएगा।**

**********

केन्द्र सरकार ने देश भर में घरेलू एलपीजी और पीएनजी तथा सीएनजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति का आश्वासन दिया है। नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव, सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है।

**घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए और डोमेस्टिक पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए सीएनजी ट्रांसपोर्ट के लिए 100 परसेंट सप्लाई एन्श्योर की गई है। इसके अलावा कमर्शियल एलपीजी भी 70 प्रतिशत तक रिस्टोर कर दी गई है। हमारे एलपीजी सप्लाई नॉर्मल है और किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर पर कोई ड्राई आउट रिपोर्ट नहीं है।**

**********

केन्द्र सरकार ने बढ़ते तापमान और लू के प्रतिकूल प्रभावों से कामगारों ओर मजदूरों को बचाने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को राष्ट्रव्यापी परामर्श जारी किया है। एक रिपोर्ट–

**सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी है कि वे कर्मियों, उद्योगों और निर्माण कंपनियों को जरूरी निर्देश जारी करें, ताकि वह मजदूरों की सुरक्षा के लिए तुरंत उपाय लागू कर सकें। इसके अलावा कार्य स्थलों पर पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित करने के साथदृसाथ विश्राम स्थलों और कार्य स्थलों को ठंडा रखने का प्रावधान करने को भी कहा गया है। वही कामगारों की नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय रखने को भी कहा गया है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मौसम विभाग ने एक मई तक प्रदेश के पश्चिमी जिलों में कहीं कहीं, जबकि पूर्वी जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग ने इस अंचल में आज और कल कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच, कुछ जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं और कहीं कहीं बारिश भी शुरू हो गयी है। हमारे अमरोहा प्रतिनिधि ने बताया कि आज सुबह से वहां तेज आंधी के साथ बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया।

**********